दिनांक : 07.11.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा–आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए सरकार जल्द ही आतंकरोधी नीति और रणनीति लेकर आयेगी।
- लाड़ली बहना योजना के तहत 9 नवंबर को मुख्यमंत्री जारी करेंगे अगली किश्त।
- विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव को लेकर भाजपा कांग्रेस ने तेज किया चुनाव प्रचार।
- छठ पर्व पर आज श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य, कल होगा व्रत का समापन ।

**अमित शाह-आतंकरोधी सम्मेलन**

**केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सरकार जल्दी ही आतंकरोधी नीति और रणनीति लेकर आएगी। नई दिल्ली में आतंकरोधी सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ कडा रवैया अपनाया गया है। दो दिन के इस सम्मेलन को राष्ट्रीय अभिकरण अन्वेषण - एनआईए ने आयोजित किया है। श्री शाह ने कहा कि आतंकवाद को कत्तई बर्दाश्त न करने के श्री मोदी के आह्‌वान की दुनियाभर में सराहना हुई है।**

**लाड़ली बहना**

**प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1250 रूपये की नवम्बर माह की किश्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर से जारी करेंगे। प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रूपये अंतरित किए जाएंगे। अब तक योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जून 2023 से अक्टूबर 2024 तक मासिक आर्थिक सहायता राशि की कुल 17 किश्तों का अंतरण किया गया है। साथ ही 2 बार लाभार्थी महिलाओं को 250 रूपये की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक**

स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लगभग 18 हजार 984 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

## स्वास्थ्य सेवाए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और विस्तृत बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक, चाहे वह शहर में हो या दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में, उन्नत चिकित्सा सेवाओं तक आसानी से पहुंच सके। इसी उद्देश्य से राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। प्रदेश में 17 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण जारी है। हाल ही में सिवनी, नीमच, और मंदसौर में नए मेडिकल कॉलेजों का संचालन शुरू हुआ है और 8 अन्य मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। राज्य सरकार ने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत 12 और मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना बनाई है । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शीघ्र ही 30 हजार से अधिक चिकित्सकीय पदों पर भर्ती की जाएगी।

## विधिक सेवा

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार गुना में विधिक सप्ताह की गतिविधियां जारी है। आज बाल संप्रेक्षण गृह गुना में न्यायोत्सव के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें बालकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने के उद्‌देश्य से विधिक जागरूता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती विभूति तिवारी ने शिविर में मध्यस्थता योजना, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, नेशनल लोक

अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता योजना सहित निःशुल्क हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई।

**पेंशन उज्जैन**

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, द्वारा केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए 1 से 30 नवंबर, तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 आयोजित कर रहा है। इस अभियान में , देशभर के 800 शहरों/जिलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आज विभाग की अवर सचिव, सोनिका खट्टर ने उज्जैन में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सेठी नगर, वेद नगर ,दशहरा मैदान, महानंदा नगर शाखाओं एवं आईबीपी सेंटर में लगाए गए शिविरों में जाकर, पेंशनभोगियों का जीवन प्रमाणपत्र जनरेट किया और उन्हें विभिन्न डिजिटल तरीकों जैसे फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक आदि के बारे में जानकारी प्रदान की।

**उप चुनाव**

प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल प्रचार में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर श्योपुर के विजयपुर में प्रचार कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक तनखा आज विजयपुर विधानसभा के कराहल, गौरस में आम सभा को संबोधित किया ।

**छठ पूजा**

छठ महापर्व के तीसरे दिन आज श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्ध्य दिया। कल सुबह उगते सूर्य अर्ध्य देने के साथ व्रत का समापन होगा। आज जबलपुर में 18 स्थानों पर छठ पूजन का आयोजन किया गया। नर्मदा नदी के घाटों पर बड़े पैमाने पर पूजा—अर्चना की गई। छठ पर्व पूरे नर्मदापुरम जिले में धूमधाम से

मनाया जा रहा है। आज सेठानी घाट पर महिलाएं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। भोपाल में कई घाटों पर छठ पर्व मनाया जा रहा है। यहां सांस्कृतिक विभाग द्वारा लोक गायन का आयोजन किया गया है।

**छठ बधाई**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने  देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि  पर्व के तीसरे दिन मनाया जाने वाला, छठ संध्या अर्घ्य पर्व सादगी, संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान सूर्य की उपासना एवं लोक आस्था के महापर्व "छठ पूजा" की समस्त प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगल कामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि छठ पूजा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है।**

**रेल-विशेष रेलगाड़ियां**

**भारतीय रेलवे त्योहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए कल एक सौ 64 विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा। त्योहार मनाने के बाद** लौटने **वालों को इससे लाभ पहुंचेगा। अगले तीन दिनों तक करीब 4 सौ 76 रेलगाड़ी चलाने की योजना है। उत्तरी रेलवे दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्टेशनों से देश के विभिन्न भागों के लिए करीब 20 गाड़ियां चलाएगी। इनमें वाराणसी, प्रयाग, छपरा, गोरखपुर, दरभंगा, बरौनी और होड़ा शामिल हैं।**

**भोपाल गैस पीड़ित- आयुष्मान**

**राज्य सरकार द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों को आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत गैस पीड़ितों एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। अब तक 19 हजार 317 से अधिक गैस पीड़ितों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन संचालित 6 अस्पतालों एवं 9 औषधालयों में सभी प्रकार के उपचार एवं आवश्यकतानुसार सुविधाएँ निःशुल्क दी जा रही हैं।**

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- अशोकनगर में आज भारत स्काउट एवं गाइड का 75 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ध्वज स्टीकर लगाकर स्काउट गाइड द्वारा सहयोग राशि एकत्रित की गई।
- शिवपुरी जिले में डेंगू और मलेरिया की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।
- **प्रदेश में रात के तापमान में लगातार गिरावट जारी है। कई शहरों का** न्यूनतम **तापमान** 20 **डिग्री से कम है। मौसम विभाग ने 15 नवंबर से ठंड का असर तेज होने की संभावना जताई है।**

---------------------------------------------